**BELIEVERS EASTERN CHURCH**
Office of the Metropolitan, Synod Secretariat, St. Thomas Community, Thiruvalla, Kerala, India.

# चरवाहे का पत्र

May/June 2023

सभी आर्च बिशपगण और बिशपगण, याजक और डीकन फॉदर, ईवैन्जलिस्ट और ऑर्डर ऑफ सिस्टर्स और विश्वव्यापी बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के सभी विश्वासियों को पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम में आशिषें और शुभकामनाएँ। आमीन!

मसीह में प्रियों,

इस समय हम पिन्तेकुस्त के काल में हैं। यह वर्ष का वह समय होता है जब कलीसिया ऊपरी कमरे में शिष्यों पर पवित्र आत्मा के उंडेले जाने को स्मरण करती है और हमारे जीवन में भी पवित्र आत्मा के सशक्तिकरण के लिए प्रार्थना करती है। प्रेरितों के काम 1: 8 पद कहता है कि पवित्र आत्मा हमें प्रभु यीशु मसीह का गवाह होने की शक्ति प्रदान करता है। मैं इस समय का सदुपयोग करते हुए मैं आपको याद दिलाना चाहता हूँ कि कैसे हम में से प्रत्येक अपने जीवन में प्रभु यीशु मसीह के लिए प्रभावशाली गवाह बन सकते हैं।

**घर पर दैनिक प्रार्थना:** यह हमारी कलीसिया की विश्वास और परम्परा का एक हिस्सा है कि हमारा परिवार प्रतिदिन एक साथ प्रार्थना करती है। वास्तव में, आपको जल्द ही एक पुस्तिका मिलेगी जो बताएगी कि इसे कैसे करना है। हमारे प्रार्थना समय के दौरान, हम जो कार्य करते हैं, उन में से एक अपनी वेदी की मेजों पर मोमबत्ती जलाना। हम ऐसा स्वयं को स्मरण दिलाने के लिए करते हैं कि यीशु मसीह जगत की ज्योति है (संत यूहन्ना 8:12), और हम भी जगत के ज्योति हैं (मत्ती 5: 14-16)। जब हमारे पड़ोस के लोगों को पता चलेगा कि आपका परिवार प्रार्थना करता है, तो वे निश्चित, जब उन्हें कोई जरूरत होगी, जैसे बीमार बच्चा, स्कूल में परीक्षा देनेवाला बच्चा, या अन्य कोई समस्या के साथ आपके पास आएंगे। आप इस प्रकार यीशु के गवाह बन जाते हैं।

हमें वचनों और कार्यों के माध्यम से लोगों को प्रभु यीशु मसीह के प्रेम के बारे में बताकर उनके गवाह बनने के लिए बुलाया गया है। ऐसा करने का एक तरीका यह है कि युवा पुरुषों और महिलाओं को कलीसिया और समुदाय की सेवा के लिए भेजा जाए। हमारी सिस्टर्स ऑफ कम्पैशन की बहनें गरीबों, विधवाओं, सड़कों पर रहनेवाले बच्चों, भूले-बिसरे लोगों, कुष्ठ रोगियों और अन्य लोगों की सहायता करके वे ऐसा करती हैं। आप प्रार्थना क्यों नहीं करते कि आपकी बेटियों में से एक परमेश्वर द्वारा पवित्र कलीसिया में सिस्टर्स ऑफ कम्पैशन की बहन के लिए चुना जाए? प्रार्थना करें कि आपकी कलीसिया में से कम से कम एक युवा बहन परमेश्वर की सेवा करने का निणर्य ले। हमारे युवा पवित्र कलीसिया के लिए याजक, प्रचारक और मिशनरी बनकर आध्यात्मिक जरूरतों को पूरा करके समुदाय की सेवा कर सकते हैं। प्रार्थना करें कि परमेश्वर पवित्र कलीसिया की सेवा करने के लिए आपके बेटों में से

एक को बुलाए। अपने परिवार और कलीसिया के युवाओं के लिए प्रार्थना करें, कि परमेश्वर उन्हें पवित्र कलीसिया के माध्यम से उसकी सेवा करने के लिए बुलाए। आइए हम अपने युवकों और युवतियों को कलीसिया और सामुदायिक सेवा में भेजने के लिए प्रतिबद्ध हों।

मसीह में मेरे प्यारे बच्चों, कृपया याद रखें कि हम प्रभु के लिए जीते हैं और उसके गवाह हैं, तो हमें दुखों से गुजरना होगा, चाहे वह उत्पीड़न हों, गलतफहमियाँ हों या अन्य समस्याएं हों। ''क्योंकि मसीह के कारण तुम पर यह अनुग्रह हुआ है कि न केवल उस पर विश्वास करो पर उसके लिए दुख भी उठाओ।''(फिलिप्पियों 1:29) कृपया, समस्याओं और कष्टों को मसीह के उपहार के रूप में समझें, यह हमारे जीवन में उसकी इच्छा को पूरा करने और उसके अनुग्रह में सहभागी होने का एक माध्यम है।

आइए, हम अपने अगुओं के लिए और हमारे देशों, राज्यों और पड़ोस में शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करते रहें, जैसा कि हमने हमेशा से किया है।

हम हर बातों में अच्छा करें और स्वस्थ रहें, जैसा कि हमारी आत्माएँ करती हैं। (3 यूहन्ना 1:12), और पवित्र आत्मा हमें उसके लिए प्रतिदिन जीने की शक्ति प्रदान करे।

पवित्र कलीसिया की सेवा में,

मसीह में आपका पिता

अथनेशियस योहान I मेट्रोपॉलिटन

**तिथि :** 12 मई 2023
**स्थान :** पवित्र सिनॅड

---

निर्देश: कृपया यह सुनिश्चित करें कि इसे सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवादित है और विश्वासियों के प्रोत्साहन के लिए सभी स्थानीय कलीसियाओं में पढ़ा जाए।